भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या:2483

13 फरवरी, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

कल्याणी एम्स में बेड की कमी

†2483. मो. अबू ताहेर खान:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या सरकार को कल्याणी एम्स में बेड और चिकित्सा कर्मचारियों की भारी कमी की जानकारी है जहां भीड़-भाड़ के कारण कथित रूप से गलियारों में रोगियों का उपचार किया जा रहा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) सरकार द्वारा इस क्षेत्र की बढ़ती स्वास्थ्य देखभाल संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एम्स कल्याणी में बिस्तरों की संख्या बढ़ाने, अतिरिक्त डॉक्टरों, नर्सों और सहायक कर्मचारियों की भर्ती करने और समग्र अवसंरचना में सुधार करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;

(घ) क्या सरकार आस-पास के जिलों के रोगियों के लिए पर्याप्त स्वास्थ्य देखभाल और गुणवत्तापूर्ण उपचार सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय निवासियों की मांग के अनुसार एम्स कल्याणी के बिस्तार की किसी योजना या प्रस्ताव पर विचार कर रही है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) से (ङ) प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत स्थापित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), कल्याणी में 762 कार्यत्मक बिस्तर हैं, जिनमें आपातकालीन और ट्रॉमा केंद्र में 52 बिस्तर और आईसीयू में 30

बिस्तर शामिल हैं। वर्तमान में, संस्थान में स्पेशिएलिटी और सुपर- स्पेशिएलिटी सहित 42 विभाग कार्यशील हैं। एम्स कल्याणी में संकाय और गैर-संकाय की स्थिति निम्नानुसार है:

एम्स	**संकाय पद**		**गैर-संकाय पद**	
	स्वीकृत	**पदस्थ**	**स्वीकृत**	**पदस्थ**
कल्याणी	309	175	2221	1171

एम्स में पदों का सृजन और भरना एक सतत प्रक्रिया है। स्वीकृत रिक्त पदों को भरने में तेजी लाने के लिए सरकार द्वारा निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं:

i. एम्स अधिनियम, 1956 के प्रावधानों के अनुसार संकाय की भर्ती के लिए स्थायी चयन समिति (एसएससी) का गठन किया गया है।

ii. राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों (आईएनआई) और सरकारी मेडिकल कॉलेजों (जीएमसी) से प्रोफेसर, अतिरिक्त प्रोफेसर और एसोसिएट प्रोफेसर स्तर के सेवानिवृत्त संकाय सदस्यों को 70 वर्ष की आयु तक संविदा आधार पर नियुक्त करने का प्रावधान किया गया है।

iii. विजिटिंग फैकल्टी योजना के तहत भारत में सरकारी संस्थानों या विदेशों में शैक्षणिक संस्थानों के प्रोफेसर, अतिरिक्त प्रोफेसर और एसोसिएट प्रोफेसर, शिक्षण उद्देश्यों के लिए एम्स में विजिटिंग फैकल्टी के रूप में कार्य कर सकते हैं।

iv. नर्सिंग ऑफिसर भर्ती के लिए सामान्य पात्रता परीक्षा (एनओआरसीईटी) का आयोजन एम्स दिल्ली द्वारा एम्स कल्याणी सहित विभिन्न एम्स में नर्सिंग अधिकारियों की भर्ती के लिए किया जाता है।

v. सामान्य भर्ती परीक्षा (सीआरई) एम्स दिल्ली द्वारा विभिन्न एम्स में ग्रुप बी और सी के गैर-संकाय पदों पर भर्ती के लिए आयोजित की जाती है, जिसमें एम्स कल्याणी भी शामिल है।

vi. जूनियर रेजिडेंट (अकादमिक) का चयन राष्ट्रीय महत्व संस्थान संयुक्त प्रवेश परीक्षा (आईएनआई-सीईटी) एम्स दिल्ली के माध्यम से किया जाता है और सीनियर रेजिडेंट (अकादमिक) का चयन राष्ट्रीय महत्व संस्थान सुपर स्पेशलिटी (आईएनआई-सीईटी) परीक्षा के माध्यम से किया जाता है, जिसका आयोजन एम्स दिल्ली द्वारा वर्ष में दो बार किया जाता है।

एम्स में विभिन्न नैदानिक और गैर-नैदानिक सुविधाओं का विस्तार चरणबद्ध तरीके से किया जा रहा है।

*****